राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
National Institute of Open Schooling (NIOS)
आईएसओ 9001: 2015 प्रमाणित ISO 9001:2015 Certified
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)
(An Autonomous Organization under Ministry of Education, Govt. of India)
A–24-25, Institutional Area, Sector 62, NOIDA, Uttar Pradesh - 201309

## सांकेतिक रिक्ति अधिसूचना

**दिनांक : 21 नवंबर, 2022**

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) संविदा के आधार पर **परामर्शदाता (आईटी) (01) और वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (आईटी) के (06) पदों** पर नियुक्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

योग्य और इच्छुक उम्मीदवार उपर्युक्त पदों के लिए शैक्षिक योग्यता, आयु, अनुभव, परिलब्धियां और नियम एवं शर्तों संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए एनआईओएस की वेबसाइट www.nios.ac.in पर जाएं तथा ऑनलाइन आवेदन जमा करें। ऑनलाइन माध्यम से आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि इस अधिसूचना के जारी होने की तिथि से 21 दिन है।

जो उम्मीदवार योग्य थे और जिन्होंने दिनांक 23.09.2022 को हिंदुस्तान टाइम्स (अंग्रेजी) और दैनिक जागरण (हिंदी) में प्रकाशित विज्ञापन के माध्यम से इन पदों के लिए आवेदन किया है, वे पुन: आवेदन न करें।

**सचिव**

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) संविदा के आधार पर नियुक्ति की तिथि से छह माह की अवधि के लिए **परामर्शदाता (आईटी)** का एक पद और **वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (आईटी)** के छह पदों को भरने के लिए योग्य तथा इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है, जिन्हें एनआईओएस की आवश्यकता और उम्मीदवार के संतोषजनक प्रदर्शन के अनुसार बढ़ाया जा सकता है।

पद, परिलब्धियां आदि विवरण निम्नानुसार हैं :-

| **क्र.सं.** | **पद का नाम** | **परिलब्धियां (समेकित) (प्रतिमाह)** | **पदों की संख्या** |
|---|---|---|---|
| 1. | परामर्शदाता (आईटी) | ₹51,000/- | 01 (एक) |
| 2. | वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (आईटी) | ₹36,300/- | 06 (छह) |

1. **परामर्शदाता (आईटी)**

**शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव**

i. बी.टैक./बीसीए/एम.टैक/एमसीए
ii. वेब एप्लिकेशन निर्माण और डाटाबेस प्रबंधन में 05 वर्ष का अनुभव

**कार्य का विवरण :** उम्मीदवार फ्रंट-एण्ड, बैक–एण्ड और डेटाबेस डेवलपमेंट सहित डेवलपमेंट कार्यों के सभी पहलुओं में सक्षम होना चाहिए। उनका मुख्य कार्य संक्षिप्त और तकनीकी विशिष्टताओं के अनुसार वेब एप्लिकेशन्स, वेबसाइट्स चैटबॉट्स, सीएमएस और मोबाइल ऐप्स बनाना होगा। बोयोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन के लिए सही डिजाइन किया गया कोड और यूआईडीएआई के साथ एकीकरण किया गया कोड लिखना। तकनीकी दस्तावेज़ों के लिए कोड प्रलेखन और अन्य इनपुट प्रदान करना एक अतिरिक्त महत्वपूर्ण योग्यता होगी। नोड जेएस (Node JS) का प्रयोग कर APIs और RESTful सेवाओं के निर्माण में अनुभव अनिवार्य है। JWT टोकनों के उपयोग और कार्यान्वयन को सही ढ़ंग से समझने के साथ AWS API गेटवे और Lambda कार्यों के साथ अनुभव और React JS, JQuery और एक्सेस कंट्रोल API डेवलपमेंट तथा अनुभव अच्छा रहेगा।

2. उम्मीदवार RDBMS (MySOL/Oracle/SQL Server) की विशेष समझ के साथ-साथ डाटाबेस प्रबंधन में अनिवार्य रूप से दक्ष होना चाहिए।
3. मोबाइल एप डेवलपमेंट के लिए स्क्रिप्टिंग/प्रोग्रामिंग लेंग्वेज वेब/मोबाइल डेवलपमेंट टूल्स जैसे PHP, JavaScript, HTML एवं CSS, C# और रिएक्ट नेटिव तथा कोटलिन का कार्यसाधक ज्ञान होना आवश्यक है।
4. उम्मीदवार को वेब ऐप डेवलपमेंट टेक्नोलॉजीज़, कन्टेंट मैनेजमेंट सिस्टम के डेवलपमेंट, चैटबॉट्स का उपयोग, वेब सर्वरों, क्लाउड कम्प्यूटिंग सर्विसेज का प्रकार, इन्फ्रास्ट्रक्चर एज ए सर्विस (Iaas), प्लेटफॉर्म एस ए सर्विस (PasS), सॉफ्टवेयर एस ए सर्विस (SaaS) का प्रचुर ज्ञान होना चाहिए।
5. उम्मीदवार को एमेजॉन वेब सर्विसिज (एडब्ल्यूएस), माइक्रोसोफ्ट अज़ूर (Azure), गूगल क्लाउड, ओरेकल क्लाउड, एमेजॉन सिंपल स्टोरेज सर्विस (एमेजॉन S3) जैसी क्लाउड सर्वर तकनीकों का ज्ञान होना चाहिए।
6. उम्मीदवार को साइबर सिक्योरिटी टेक्नोलॉजीज़ जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीप लर्निंग, बिहेवियरल एनालिटिक्स, एंबेडिड हार्डवेयर ऑथेंटिकेशन, ब्लॉकचेन साइबर सिक्योरिटी, जीरो-ट्रस्ट मॉडल इत्यादि का ज्ञान होना चाहिए।
7. उम्मीदवार को एक्टिव डायरेक्टरी, डीएनएस, ग्रुप पॉलिसीस, फायरवॉल, लोड बैलेंसर्स और वीपीएन इत्यादि के कॉन्फिगरेशन, मेंटिनेन्स, और एडमिनिस्ट्रेशन के कॉन्सेप्ट का ज्ञान होना चाहिए।

**आयु : 63 वर्ष से कम**

2. **वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (आईटी)**

**शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव**

i. बी.टैक./बीसीए/एम.टैक/एमसीए
ii. वेब एप्लिकेशन डेवलपमेंट और मोबाइल ऐप डेवलपमेंट में 03 वर्ष का अनुभव

**कार्य का विवरण :** उम्मीदवार फ्रंट-एण्ड, बैक–एण्ड और डेटाबेस डेवलपमेंट सहित डेवलपमेंट कार्यों के सभी पहलुओं में सक्षम होना चाहिए। उनका मुख्य कार्य संक्षिप्त और तकनीकी विशिष्टताओं के अनुसार वेब एप्लिकेशन्स, वेबसाइट्स चैटबॉट्स, सीएमएस और मोबाइल ऐप्स बनाना होगा। बोयोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन के लिए सही डिजाइन किया गया कोड और यूआईडीएआई के साथ एकीकरण किया गया कोड लिखना। तकनीकी दस्तावेज़ों के लिए कोड प्रलेखन और अन्य इनपुट प्रदान करना एक अतिरिक्त महत्वपूर्ण योग्यता होगी। नोड जेएस (Node JS) का प्रयोग कर APIs और RESTful सेवाओं के निर्माण में अनुभव अनिवार्य है। JWT टोकनों के उपयोग और कार्यान्वयन को सही ढ़ंग से समझने के साथ AWS API गेटवे और Lambda कार्यों के साथ अनुभव और React JS, JQuery और एक्सेस कंट्रोल API डेवलपमेंट तथा अनुभव अच्छा रहेगा।

2. मोबाइल एप डेवलपमेंट के लिए वेब/मोबाइल डेवलपमेंट टूल्स जैसे PHP, JavaScript, HTML एवं CSS, C# और रिएक्ट नेटिव तथा कोटलिन का कार्यसाधक ज्ञान होना आवश्यक है।
3. उम्मीदवार को वेब ऐप डेवलपमेंट टेक्नोलॉजीज़, कन्टेंट मैनेजमेंट सिस्टम के डेवलपमेंट, चैटबॉट्स का उपयोग, वेब सर्वरों, क्लाउड कम्प्यूटिंग सर्विसेज का प्रकार, इन्फ्रास्ट्रक्चर एज ए सर्विस (Iaas), प्लेटफॉर्म एस ए सर्विस (PasS), सॉफ्टवेयर एस ए सर्विस (SaaS) का प्रचुर ज्ञान होना चाहिए।

**आयु : 63 वर्ष से कम**

**<u>अन्य नियम और शर्तें</u>-:**

1. यह पद विशुद्ध संविदा के आधार पर है और संविदा की अवधि आपसी सहमति से बढ़ाई जा सकती है। नियुक्त उम्मीदवार को एनआईओएस के साथ एक अनुबंध का पालन करना होगा।
2. इस पद पर नियुक्त किए गए उम्मीदवार न तो नियमित काडर का हिस्सा होंगे और न ही नियमित पद की भर्ती के मामले में इस प्रकार संविदा के आधार पर भर्ती किए गए उम्मीदवार को कोई विशेष वरीयता दी जाएगी।
3. नियुक्त उम्मीदवार को संविदा अवधि पूरी होने से पहले या बाद में एनआईओएस में नियमित करने/आमेलन के लिए अनुरोध का कोई अधिकार नहीं होगा।
4. संविदा के दौरान, यदि आवश्यकता हुई तो, संविदात्मक कार्मिक को भारत के किसी भी हिस्से में जाना होगा और उन्हें एनआईओएस के कार्य के संबंध में सौंपे गए दायित्वों का पालन करना होगा।
5. एनआईओएस के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी पद को भरने अथवा न भरने का अधिकार सुरक्षित है।

**आवेदन कैसे करें :**

1. उम्मीदवार एनआईओएस की वेबसाइट **www.nios.ac.in** पर जाएं और इसके अंतर्गत दिए गए निर्देशों का पालन करें।
2. **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि यह अधिसूचना जारी होने की तिथि से 21वें दिन होगी।**
3. उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन के लिए निर्धारित लिंक के माध्यम से ₹250/- (+ ₹50/- ऑनलाइन ट्रांज़ैक्शन शुल्क) के आवेदन शुल्क का भुगतान करें। पीडब्ल्यूडी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को किसी प्रकार के शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। एक बार जमा किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।
4. ऑनलाइन आवेदन, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से पहले एनआईओएस की वेबसाइट पर भरा जा सकता है जिसके बाद यह लिंक बंद हो जाएगा। उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय पर ऑनलाइन आवेदन करने की सलाह दी जाती है। **एनआईओएस द्वारा कोई भी ऑफलाइन आवेदन फॉर्म स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

5. उम्मीदवार ऑनलाइन फॉर्म को ध्यानपूर्वक भरें और अपनी फोटो, हस्ताक्षर तथा शैक्षिक योग्यताओं, कार्य अनुभव इत्यादि के स्व-सत्यापित प्रमाणपत्र अपलोड करें। अधूरे आवदेन अथवा सहायक दस्तावेज़ों के बिना आवदेन रद्द कर दिए जाएंगे और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।
6. उम्मीदवार फॉर्म को सफलतापूर्वक भरने तथा दस्तावेज़ों को अपलोड करने के बाद स्क्रीन पर दिखाई देने वाली संदर्भ संख्या भविष्य में संदर्भ के लिए नोट करें।
7. आवेदनों की जांच की जाएगी तथा चुने गए उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा तथा अथवा साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
8. साक्षात्कार के लिए चुने गए उम्मीदवारों को **केवल ईमेल** के माध्यम से सूचित किया जाएगा। उम्मीदवार को किसी अन्य माध्यम से कोई पत्र नहीं भेजा जाएगा।
9. किसी अन्य पूछताछ के लिए कृपया recruitmentcell@nios.ac.in पर संपर्क करें।
10. चयनित उम्मीदवार को तुरंत कार्यभार ग्रहण करना होगा।
11. इस संबंध में सूचना/जानकारी के लिए उम्मीदवारों को नियमित रूप से एनआईओएस वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है। यदि कोई शुद्धिपत्र/तिथि बढ़ाने संबंधी/अद्यतन सूचना आदि होगी तो केवल एनआईओएस की वेबसाइट पर ही प्रकाशित की जाएगी।

***सचिव***